तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025

11 अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक युवराज पांडे पहुंचे झरझरा...


12 भवन के निर्माण कार्यों को तेजी से किया जाए...







# कुपोषण दूर करने की अनूठी पहल, बच्चों को 'गोद' लेकर सुपोषित बनाने की मुहिम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अब ऐसे समाज सेवकों की तलाश की जा रही है, जो अपने क्षेत्र के कुपोषित बच्चों में से किसी एक को गोद ले सकें और उस बच्चे का कुपोषण दूर करने में सहायक बनें।मुहीम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर व कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को योजना के बारे में बता रहे हैं। इससे इस रोग से ग्रस्त बच्चे सुपोषित हो जाएं।

■ परसदाकला में चार बच्चों को लिया गया गोद

यह पहल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र परसदाकला केन्द्र क्रमांक 1 से 4 तक के सभी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चुन्नी निषाद, केवड़ा बाई ध्रव,डामिन साहू,खुड़सा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुखबती साहू के पहल की गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुपोषित बच्चों को गोद लेने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को अपने वार्ड, गांव और मोहल्ले के ऐसे बच्चे को गोद लेना होगा जो कुपोषण की श्रेणी में हैं। इस बच्चे को खाने के लिए आंगनवाड़ी के माध्यम से या सीधे रोजाना पौष्टिक आहार देना होगा। बीच-बीच में हर माह बच्चे के घर या आंगनवाड़ी केंद्र जाकर उसका वजन करा कर ग्रेडिंग देखना होगी। सालभर तक यह क्रम चलेगा और बच्चा कुपोषण से मुक्त हो जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मिलकर कर रहे काम

### समाज सेवकों की तलाश जारी

अब ऐसे समाज सेवकों की तलाश की जा रही है, जो अपने क्षेत्र के कुपोषित बच्चों में से किसी एक को गोद ले सकें और उस बच्चे का कुपोषण दूर करने में सहायक बनें। मुहीम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर व कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को योजना के बारे में बता रहे हैं।



### 4 कुपोषित बच्चे को लिया गया गोद

इस उद्देश्य की पुर्ति ग्राम पंचायत सरपंच परसदाकला गणेश राम साहू, उपसरपंच पिलेश्वरी साहू, पंच नीलकंठ साहू के सहयोग भी मिल रहा है। इन जनप्रतिनिधियों के द्वारा परसदाकला में चलाई जा रही इस योजना में कुल 4 कूपोषित बच्चे को गोद लिया गया है। सरपंच परसदाकला व भाजपा कार्यकर्ता गणेश साहू ने कहा नौनिहालों के पोषण और उनको सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। बच्चों के समुचित विकास हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ मिलकर कार्य करना होगा।

## खबर संक्षेप



### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छुरा।** पुलिस के द्वारा नशे के विरूद्ध पुलिस की एक विशेष अभियान नया सवेरा योजनान्तर्गत अवैध शराब बेचने पिलाने व अन्य नशीली पदार्थों पर कार्रवाई किया जा रहा है अन्तर्गत जिले के पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के दिशा-निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुरा के द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने एवं पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले लोगो में लगाम लगाने के लिए थाना छुरा स्टाफ के द्वारा धरपकड की कार्रवाईकी। अवैध रूप से शराब बिक्की करने वाले तेजा राम जाट पता स्व० रेखाराम जाट उम्र 30 वर्ष, निवासी मेड़तासिटी, सिविल लाईन 24, थाना मेड़वासिटी, जिला नागौर राजस्थान, हाल पता रसेला, थाना छुरा, जिला गरियाबंद छ०ग० के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया हैं। आरोपी के कब्जे से कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 रूपया का अवैध कच्ची महुआ शराब पकडा गया। आरोपी का कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। अभियान लगातार जारी रहेगा। उक्त कार्रवाई में थाना स्टाफ की सराहनीय योगदान रहा।

### अनियंत्रित हुई बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, तीन घायल

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अंतर्ला मोड़ में अनियंत्रित होकर एक बाइक डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 2 अगस्त को खगेश्वर उर्फ जितेंद्र सोना मोटर सायकल बिना नंबर स्प्लेंडर से अपने साथी नंदलाल, गजेंद्र, गोपीनाथ के साथ पंधी काम करने गया था। इसके बाद पंधी से तोरेसिंहा पैसा लेने गये थे। वहां से पैसा लेने के बाद गोहिरापाली शराब भट्ठी में चारों ने शराब पी। इसके बाद चारों बाइक में बैठकर अंतर्ला की ओर जाने लगे, बाइक को खगेश्वर सोना चला रहा था। इसी दौरान अंतर्ला मोड़ के पास सामने से बोलेरो वाहन के आने से अनियंत्रित होकर मोटर सायकल डिवाइडर से जा टकराई। घटना में खगेश्वर उर्फ जितेंद्र सोना की मौत हो गई, वहीं नंदलाल, गजेंद्र, गोपीनाथ घायल हो गए। मामले में सरायपाली थाना में मृतक खगेश्वर सोना के विरूद्ध अपराध धारा 281,125(ए), 106(1) बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 128/177, 50(2)/177 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### मामूली बात पर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम टुरीडीह के अंडा दुकान के पास मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी जितेश बाघमारे निवासी ग्राम टुरीडीह ने बताया कि वह 2 अगस्त की रात करीबन 9.30 बजे अंडा दुकान के सामने बैठा था, वहां पर गांव के प्रकाश बाघमारे भी था, जिससे उसने पूछा कि तुम इतने दिन से कहा थे।

## समस्या : मौसम की बेरुखी ने बढ़ाई किसानों की चिंता

# बारिश नहीं होने से रोपाई कार्यों में संकट, खेतों में पड़ने लगी हैं दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में मानसून की बेरुखी से किसान परेशान हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से अंचल में बारिश नहीं हुई है, जिससे धान की फसल की रोपाई और चलाई का काम प्रभावित हो रहा है। बारिश नहीं होने से खेत सूखने लगे हैं। खेतों में दरारें पड़ने लगी है। इस स्थिति को देख किसानों के माथे पर बल पड़ने लगे हैं।

■ धान फसल की रोपाई और चलाई का काम हो रहा प्रभावित

इस समय किसान खेतों में रोपाई और चलाई के कार्य में जुटे हुए हैं, लेकिन इन कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। बारिश न होने से खेत सूखने लगे हैं, जिससे फसल की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ग्राम तर्रा के किसान रिपु सुदन निर्मलकर ने बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है, बारिश नहीं हुई है। अब खेत सूखने लगे हैं। खेतों ▶▶| शेष पेज 10 पर



### फसल के लिए कहीं पानी तो कहीं खाद का संकट

राज्य के कई जिले ऐसे हैं जमकर बारिश हुई है। वहां पर किसानों ने रोपाई, चलाई आदि का काम किया है। अब उन्होंने खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। रोज मुख्यालय जा रहे हैं, पर एक खाद मिलती है तो दूसरी नहीं। दूसरी तरफ एकाध दो जिले में बारिश नहीं होने से खेतों में दरार पड़ रही है।

### तत्काल पानी छोड़ा जाए

किसानों की मांग है कि खेतों की सिंचाई के लिए नहरों में तत्काल पानी छोड़ा जाए। कृषि से जुड़े स्थानीय विशेषज्ञों और ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि समय रहते सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि फसल बचाई जा सके। आने वाले समय में किसानों को भारी नुकसान से बचाया जा सके।

### और... जहां बारिश वहां किसानों को नहीं मिल पा रही खाद

**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा भाजपा की राज्य सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। खुले बाजारों में अधिक कीमत पर खाद आसानी से मिल रहा है। क्षेत्र के किसान 100 किमी दूर मैनपुर मुख्यालय तक खाद की मांग को लेकर प्रतिदिन आ रहे हैं। रोपा बियासी अंतिम चरण में है। किसानों को अभी खाद की बहुत जरूरत है ऐसे समय में सरकार आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। ज्यादातर किसानों को डीएपी यूरिया, एनपीके की कमी से जूझना पड़ रहा है। किसानों को खाद उपलब्ध कराने में भाजपा सरकार नकाम साबित हो रही है। श्री ध्रुव ने कहा अगर ऐसी स्थिति रही तो उग्र आन्दोलन किया जाएगा।



# 24 कुंडीय गायत्री यज्ञ के लिए बैठक में बनाई गई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में रविवार को हनुमान मंदिर रंगमंच प्रगाण में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए कार्यक्रम की संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की शुभारंभ महावीर बजरंगबली की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक टीकम साहू, जिला संगठन के प्रमुख रोमन चन्द्राकार, छुरा शक्ति पीठ अध्यक्ष रामावतार यादव , जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, ग्राम पटेल लोकराम यादव, उपसरपंच परमेश्वर, ग्राम प्रमुख भावसिह मरकाम, जनक राम ध्रुव, कृष्ण ठाकुर, कृष्णा गुप्ता मौजूद थे। सभी आमंत्रित अतिथियों का अक्षत व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिला संगठन के प्रमुख रोमन चन्द्राकार ने शांतिकुंज हरिद्वार से आये हुए 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का पत्र को पढ़कर सुनाया गया, साथ ही 24 कुण्डीय यज्ञ की तिथि 9 से 12 दिसंबर ग्राम रसेला में आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आसपास के गांवों को भी बैठक में शामिल किया था। 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए कार्यक्रम की रुपरेखा बनाने बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में यज्ञ की तैयारी, व्यवस्था और प्रचार प्रसार के साथ साथ अन्य पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। इसी कड़ी में जिला समन्वयक टीकम साहू ने बताया कि यज्ञ स्थल की व्यवस्था, भोजनालय, के साथ हम सभी को तन, मन धन से सहयोग करना होगा, तभी यहां कार्यक्रम सफल हो पाएगा। इस दौरान आसपास से आये हुए ग्राम ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ अन्य तैयारियों के संबंध में भी हुई चर्चा

# बीईओ कार्यालय का मरम्मत कार्य फिर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खबर का असर

स्थानी विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय भवन जर्जर हो गया गया था। इस भवन निर्माण के लिए 6 माह पहले लाखों रुपए स्वीकृत हुए थे। लेकिन निर्माण ऐजेंसी द्वारा निर्माण कार्य को घटिया तरीके से कर लीपापोती कर दिया था। भवन के अन्दर छत का प्लास्टर टूट–टूट कर गिर रहा था। जिसके चलते यहां कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी जान जोखिम में डाल कर कार्य करने मजबूर हो रहे थे। इस खबर को हरिभूमि ने तीन दिन पूर्व 31 जुलाई 2025 को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिला प्रशासन ने खबर पर संज्ञान लिया। निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कार्यालय का निरीक्षण कर तत्काल पुनः मरम्मत कार्य प्रारंभ करवाया है। अब उम्मीद है कि आने वाले समय में यह निर्माण कार्य बेहतर तरीके से किया जाएगा।इसका लाभ अधिकारी कर्मचारियों को मिलेगा और बेखौफ होकर काम कर सकेंगे। निर्माण कार्यों में शासकीय राशियों का दुरूपयोग किए जाने वाले इस तरह के मामले पर क्षेत्र के लोगो ने नाराजगीय व्यक्त की है। कलेक्टर से मांग किया है कि शासकीय राशियों का दुरूपयोग करने वाले मामले पर निष्पक्ष जांच कराई जाए।





बीईओ कार्यालय में घटिया मरम्मत कार्य लाखों का बजट चढ़ा लीपापोती की भेंट



### स्काउट-गाइड शिविर का समापन 171 प्रतिभागी किए गए सम्मानित

**श्यामनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धूमा में आयोजित जिला स्तरीय तृतीय सोपान, निपुण जांच शिविर का समापन सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ हुआ। कार्यक्रम में 171 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गौरी शंकर कश्यप अध्यक्ष, जिला पंचायत ने सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण में स्काउट-गाइड की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। संतोष उपाध्याय, इंद्राणी साहू, बैशाखू राम साहू, डॉ. रामकुमार साहू, प्रीतम सिन्हा सहित कई अतिथियों ने अनुशासन, संस्कार और नशामुक्ति पर प्रेरक विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन रोमन लाल साहू व मुस्कान साहू ने किया। लोमश निषाद (फुलकर्रा) को बेस्ट स्काउट और दीक्षा पटेल को बेस्ट गाइड घोषित किया गया। जिला प्रशिक्षण केंद्र हेतु भवन निर्माण की मांग भी अतिथियों के समक्ष रखी गई।

# नशीली दवा बेचने वाला मेडिकल दुकान संचालक हुआ गिरफ्तार

## नशीले दवा सप्लायर से जानकारी के बाद कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मेडिकल स्टोर से नशीली दवा सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पूर्व में धारा 22 (ख) एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में 25 जून को मुखबिर के निशानदेही पर ओमकार उर्फ रिंकू सोनवानी को 840 नग नशीली दवा बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई कर जेल भेजा गया गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी ओमकार उर्फ रिंकू सोनवानी ने पूछताछ दौरान जानकारी दिया था कि नशीली दवाई के विक्रेता मेडिकल संचालक देवाशिश मेहेर दुकान के माध्यम से सप्लाई करता है। संदेही आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान मुखबीर की निशानदेही पर प्रकरण के संदेही आरोपी देवाशिश मेहेर पिता गंगाराम मेहेर उम्र 27 वर्ष साकिन गण्डाबहली थाना सीनापाली जिला नुआपाड़ा ओडिशा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर नशीली दवाइयों को अपने मेडिकल दुकान के माध्यम से उपलब्ध कराने के संबंध में जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से घटना में प्रयुक्त 1 नग पुराना मोबाइल, मेडिकल लाईसेंस, फोन पे ट्रान्जेक्शन की छायाप्रति जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी देवाशिश मेहेर के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से इण्ड टू इण्ड कार्यवाही करते हुए समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



## अभनपुर क्षेत्र में 10,363 नए सदस्य जोड़ने के लिए दिया गया सम्मान

# विधायक इंद्रकुमार 'सदस्यता रत्न' से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सदस्यता रत्न सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विधायक, सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्र कुमार साहू को 10363 नए सदस्य बनाए जाने पर सदस्यता रत्न से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विशेष रूप से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने श्री साहू सहित सभी जमीनी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी के कठिन परिश्रम, लगन और प्रतिबद्धता के कारण भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में भी रिकॉर्ड सदस्यता से यह स्पष्ट है कि जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए पार्टी के लक्ष्यों और कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती का आधार है,और यह सदस्यता अभियान उसी का प्रमाण है।

■ मुख्यमंत्री साय ने विधायक इंद्रकुमार को किया सम्मानित

इस अवसर पर सम्मान प्राप्त करने के बाद विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं बल्कि पूरे अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान है। मैं मुख्यमंत्री और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हमारे कार्य को ▶▶| शेष पेज 10 पर




### समारोह में कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोषण साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। समारोह में प्रदेश भर से करीब 200 से ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद, विधायक और अलग-अलग जिलों से आए चयनित पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# शिक्षक संघ ने की शनिवार को सुबह की पाली में स्कूल लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर प्रांत अध्यक्ष संजय ठाकुर महामंत्री मनोज राय प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने राज्य के समस्त स्कूलों में शनिवार को पूर्व की भांति प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक शाला लगने की मांग संचालक लोग शिक्षण से की है। प्रांतीय प्रवक्ता मिश्रा ने बताया कि अविभाजित मध्य प्रदेश के जमाने से ही प्रत्येक शनिवार को शाला का संचालन का समय प्रातः 7:30 से 11:30 तक रहता था जिसे अचानक 22 जुलाई 2025 को संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ रायपुर ने एक आदेश जारी कर शनिवार को भी 10 बजे से 4 बजे तक शाला संचालन करने का निर्देश जारी किया है। शिक्षक संघ ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को प्रातः कालीन शाला लगने से विद्यार्थियों को योग व्यायाम तथा बैग लैस डे की अनेक गतिविधियां कराई जाती है लेकिन 10 बजे से 4 बजे तक स्कूल लगने पर विद्यार्थी गण जब भोजन ग्रहण करके स्कूल आएंगे तो योग और व्यायाम करना अव्यावहारिक हो जाएगा। लिहाजा शीघ्र ही प्रत्येक शनिवार को प्रातः कालीन शाला लगाए जाने संबंधी आदेश जारी किया जावे ज्ञात हो कि शिक्षक संघ द्वारा 28 जुलाई को ही शनिवार को प्रातः कालीन शाला लगाने संबंधी पत्र संचालक को दे चुके हैं।



## खबर संक्षेप



### सिरकट्टी आश्रम पहुंच जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम ने लिया आशीर्वाद

**राजिम।** गरियाबंद जिले के नये भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा रविवार को पैरी नदी किनारे सिरकट्टी आश्रम में स्वयंभू शिवलिंग की धूमधाम से पूजा अर्चना कर जिला एवं पांडुका क्षेत्र के खुशहाली के लिए मंगल कामना की। श्री सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राजिम धर्म नगरी हैं जिसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता हैं। गरियाबंद जिला में भगवान भूतेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए पूरे प्रदेश के लोग पहुंचते हैं। विश्व के सबसे बड़ा शिवलिंग हैं। श्री सिन्हा के जिला उपाध्यक्ष बनने से समूचे जिला में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह एवं खुशी का वातावरण हैं।

### राजिम में धूमधाम से होगा महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक



**राजिम।** आज 4 अगस्त सोमवार को राजिम शहर में बाबा गरीबनाथ महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम और उत्साह के साथ होने जा रहा है। श्री राजीव लोचन कुलेश्वर नाथ बोलबम कांवरिया संघ लगे हुए है। तैयारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है। मंदिर क्षेत्र केसरिया तोरण, पताके ध्वज से सजधजकर तैयार है। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा।

### सशिमं में प्रफुल्ल चंद्र राय के जन्म जयंती पर विज्ञान मेला आयोजित

**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर कुम्ही मे 2 अगस्त प्रफुल्ल चंद्र राय के जन्म जयंती के उपलक्ष्य मे विज्ञान मेला का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि स्वरूप के. के. साहू सर संकुल समन्वयक बकली, सुनील कुमार पाण्डेय सर प्रधानपाठक शा. मा. शाला पिताइबंद, सुरेन्द्र कुमार साहू व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर कुम्ही उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम मे भैया बहनो ने भाषण, विज्ञान प्रयोग, मॉडल, रंगोली, चित्र चार्ट, प्रश्नमंच आदि विधा मे भाग लिए। प्रतिभागी के रूप मे 64 बहन 37 भैया कुल 101 छात्रों ने भाग लिया और विज्ञान के प्रति अपनी रूचि दिखाई।

## पेज 9 के शेष...

### बारिश नहीं होने...

में दरार पड़ने लगी है। यदि आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई, तो खेती-किसानी का काम रुक जाएगा। सिंचाई विभाग को चाहिए कि पैरी नदी में व्यर्थ बह रहे पानी को नहर में छोड़ा जाए, जिससे खेतों को समय पर पानी मिल सके।

### 24 कुंडीय गायत्री ...

प्रमुखों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प लिया। साथ ही यहां भी कहा कि कार्यक्रम होते तक अभी और बैठक आयोजित किया जाएगा, और आप सभी अपने अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस दौरान दुल्ला, सारागाव, टोनहीडबरी, कनसिघी, रूवाड, मेडकीडबरी, कुडेरादादर, मुढीपानी, छुरा सहित गायत्री परिवार के परिजन और ग्रामवासी उपस्थित थे।

### विधायक इंद्रकुमार...

पहचाना। मेरा संकल्प है कि मैं आगे भी पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में इसी उत्साह के साथ सक्रिय रहूंगा और हर घर तक भाजपा की विचारधारा पहुंचाऊंगा। इस दौरान अजय जामवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी की विचारधारा को और अधिक मजबूत करें। कार्यक्रम में प्रदेश के करीब 200 से ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

# विधायक जनक ध्रुव ने देहारगुड़ा स्कूल का किया औचक निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

## बेहतर शिक्षा और खेल सामग्री उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ग्राम देहारगुड़ा स्थित मिडिल एवं हाईस्कूल का आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे इस दौरान उन्होने छात्र–छात्राओं से चर्चा किया और कई सवाल पुछे सवाल के सही जवाब देने वाले बच्चो का उत्साह बढ़ाया साथ ही सभी बच्चो से मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करने को कहा। छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर इसकी सूचना देने को कहा।

उन्होंने कहा हमारा पहला जिम्मेदारी बच्चो को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है आज के बच्चे देश के भावी भविष्य है। उन्होने बताया विधायक बनने से पहले वे स्वयं खेल शिक्षक रहे है बच्चो को मिलने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता का जांच किया और बच्चो को खेलकूद सामाग्री उपलब्ध कराने की भी बात कही है। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया बच्चो को मिलने वाले पोषण आहार के संबंध में जानकारी लिया। ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के सरपंच ने बताया करोड़ो रूपये की लागत से देहारगुड़ा में आश्रम भवन का निर्माण किया गया है लेकिन इस आश्रम भवन का कोई उपयोग नही हो रहा है यहां आदिवासी आश्रम मैनपुर को संचालित करने की ग्रामीणों ने मांग किया साथ ही ग्रामीणों ने गांव के अन्य मूलभूत समस्याओं के समाधान करने की मांग किया।



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, देहारगुड़ा के सरपंच महेश दीवान, पवन दीवान, सीताराम ठाकुर, रामप्रसाद दीवान, लीलाधर दीवान, भरत दीवान, डोमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## समस्या : रफ्तार को नियंत्रित करने के प्रयास में बेरिकेड से टकरा रहे वाहन

# बाइक दुर्घटनाग्रस्त, घायल को लेने पहुंची संजीवनी 108 चालू ही नहीं हुई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका**

तड़के सुबह आज पांडुका से जतमई मार्ग के डेंजर जोन ग्राम खट्टी मोड में फिर एक दुर्घटना घट गई। हादसे में एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। फोन करने पर घायल को लेने पहुंची संजीवनी 108 एक्सप्रेस पहुंची तो लेकिन फिर चालू ही नहीं हुई। एक शिक्षक ने अपने कार और बाइक से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुका पहुंचाया, जहां इलाज हुआ।

बताया जा रहा है कि चार दोस्त दो मोटरसाइकिल में सवार होकर जतमई के लिए रायपुर से आ रहे थे। इसी बीच खट्टी मोड में अनियंत्रित होकर एक युवक की मोटरसाइकिल टकरा गई। जिसमें एक युवक के पेट में चोट लगने से जख्मी हो गया। युवक का नाम हरिकुमार बाग 18 वर्ष रायपुर बताया जा रहा है। बता दे कि इस मोड़ पर सैकड़ो घटनाएं हो चुकी जिसमें कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। कई लोग दिव्यांग हो चुके हैं। इन दिनों खास कर जतमई, घटारानी में भारी भीड़ चल रही है। रविवार को तड़के सुबह 6 बजे घटना के बाद से आसपास के राहगीर और ग्रामीण इकट्ठा हो गए। संजीवनी 108 को फोन लगाया गया जो 1 घंटे बाद ले देकर आई तो पर चालू नहीं हुई। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर आए दिन ऐसी घटनाएं होती है। सड़क निर्माण कंपनी द्वारा अपने बेरिकेड्स को एकदम सड़क के किनारे लगा दिया गया है। जिस वजह से लोग अपनी वाहन सम्हाल नहीं पाते और स्पीड में मोड़ने के चक्कर में बैरिकेड से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे। इस बेरिकेड्स को थोड़ा दूर लगाया जाना चाहिए था। वहीं 108 वाहन खुद थका हुआ था जो बहुत मुश्किल से घटनास्थल पहुंचा और चालू नहीं हुआ। शायद क्लच ब्रेक की खराबी के कारण खड़ा हो गया। फिर ग्रामीण और राहगीरो की मदद से एक शिक्षक ने अपने कार और बाइक में घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुका पहुंचाया गया।

## खट्टी मोड़ पर तड़के हुआ हादसा, घायल हायर सेंटर रिफर



### बेडिकेड्स बन रहा हादसे का कारण

ऐसे में सहुलियत के लिए बनाई सड़क का बेरिकेड्स सुरक्षा की बजाय घटना का कारण बन गया है। और 108 संजीवनी वाहन को खुद सुधार की आवश्यकता है। समय रहते इन्हें सुधारा जाय ताकि घायल मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुंचाया जा सके, नहीं तो घटना होने के बाद इंतजार करने की नौबत आती है। घायल युवक की स्थिति देखने के बाद उच्च अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पेट में लोहे के बेरिकेड्स लगा है, जिस कारण से स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# कांवरियों की टोलियां बोल बम का जयकारे लगाते सिरपुर हुए रवाना



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला**

ग्राम सहित आस-पास क्षेत्र कांवरियों की टोलियों को शनिवार को गायत्री मंदिर से भोलेनाथ प्रज्ञेश्वरनाथ की पूजा अर्चना के साथ जनप्रतिनिधियों और प्रमुखों द्वारा आरती करने व यात्रा की मंगलकामना करते हुए विदा किया गया। कांवरियों द्वारा रविवार को बम्हनी से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए सोमवार को सिरपुर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की जल अभिषेक करेंगे। कांवरियों द्वारा ऊं नम शिवाय, और हर हर महादेव के जयकारों के साथ भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए उत्साहपूर्वक निकले। इन भक्तिमय नारों से पूरा से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है। ऐसा लग रहा था कि हर कण भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूब गया हो। रसेला क्षेत्र अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक के लिए प्रसिद्ध है। सावन के इस पावन महीने में क्षेत्र के हर गांवों से कांवरियों का टोलियां प्रमुख तीर्थ स्थल के लिए हर वर्ष जाते हैं। क्षेत्र में टंकेश्वरनाथ, पतेश्वरनाथ, भूतेश्वर नाथ, थानेश्वर नाथ आदि प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कांवरिए पवित्र नदियों से जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। पूजा अर्चना के साथ दर्शन का लाभ ले रहे हैं। सावन के हर सोमवार को इन मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता है। भक्ति का अदभुत माहौल देखने को मिल रहा है। कांवरियों की अनूठी वेशभूषा और उत्साह कई कांवरिए पारंपरिक छतीसगढ़ी वेशभूषा में सजकर अपनी सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित कर रहे हैं। वहीं कुछ भक्त भगवान भोलेनाथ की वेशभूषा में रूद्राक्ष की माला, त्रिशूल, ऊं नम शिवाय लिखे कपड़े के साथ यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी इस पवित्र यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, जो क्षेत्र की एकता और भक्ति की भावना को दर्शाता है। इस दौरान ग्राम प्रमुख डी आर यादव, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर,उपसरपंच परमेश्वर यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, ठाकुर राम यादव, नदुदास, धनीराम यादव, वेदव्यास निषाद, खेमचंद ताण्डी, चमन यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों ने निकाली रोड सेफ्टी जागरुकता रैली, दिया संदेश




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

जान है तो जहान है की सीख देते हुऐ इण्डियन पब्लिक हाईस्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रोड सेफ्टी जागरुकता की रैली निकाली गईं। पुलिस का भी भरपूर सहयोग रहा। रैली में रोड सेफ्टी और ट्रैफिक नियम को विद्यार्थियों के द्वारा नारा लगाकर समझाया गया। विद्यार्थियों ने वाहन चालक जो हेलमेट और सीट बेल्ट के साथ साथ ट्रैफिक नियम का पालन करने वाले को गुलदस्ता देकर नियम के पालन करने को बढ़ावा दिया। पुलिस के अधिकारियों ने नागरिकों के साथ साथ इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा के विद्यार्थियों को भी रोड सेफ्टी नियम के पालन के प्रति जागरूक कराया। इस रैली में प्रीतम साहू संस्था प्रमुख रेवेंद्र दीक्षित एच.ओ.डी., शशि तिवारी प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला राजपूत, मनोज साहू, यमुना नेताम, टिकेश्वरी रात्रे, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, मुस्कान चंद्राकार, बिरेंद्र साहू, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, मोनिका यादव, नाहिद खान, वीना साहू, गुंजिता साहू, चित्ररेखा यदु, प्रियंका चंद्राकर, अंजुरानी द्विवेदी, सिमरन बानो, टेकराज दंडसेना, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र कुमार ध्रुव, डिगेश बघेल एवं समस्त विद्यालय परिवार का सहयोग किया।

- **इंडियन पब्लिक हाईस्कूल का आयोजन**

## फिंगेश्वर के लालपुर प्राथमिक शाला के 6 बच्चे कर रहे हैं जिले का प्रतिनिधित्व

# गरियाबंद के कब-बुलबुलों का दल हुआ राज्य स्तरीय शिविर में शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार राज्य के 14 जिलों से कब बुलबुल हीरख पंख एवं कब बुलबुल उत्सव में सम्मिलित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंग धीर जिला सचिव रोमन साहू के मार्गदर्शन में डीओसी स्काउट आशीष कुमार एवं डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में शिविर स्थल बिलासपुर जिला के नवीन शासकीय संगीत महा सरकंडा में आयोजित कब बुलबुल हीरख पंख एवं कब बुलबुल उत्सव में जिला गरियाबंद से शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर फिंगेश्वर के तीन बुलबुल हीरख पंख में, तीन बुलबुल उत्सव में प्रभारी दिव्यारानी यादव के साथ शिविर में सम्मिलित हुए। स्काउट गाइड का मूल प्राथमिक शाला के कब बुलबुल से ही शुरू होता है।



**रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियाँ-** इस शिविर में प्रतिभागियों को कब बुलबुल अभिवादन, बड़ी सलामी, जंगल नृत्य, तारा की कहानी,सिक्स कर्नर, बुलबुल ट्री, स्टोरी टेलिंग, प्ले एक्टिंग, मॉडल मेकिंग, पेपर कटिंग, ड्राइंग, पेंटिंग, ग्रुप सांग, ग्रुप डांस, लाल फूल, कलरव सहित चार दिवसीय शिविर में बच्चों के सवांगींण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियाँ कराई जाएगी।राज्य स्तरीय कब–बुलबुल उत्सव में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला गरियाबंद की टीम पूरे उत्साह व तैयारी के साथ सम्मिलित हुई है। इस शिविर में गरियाबंद की टीम अपने जिले की पहचान,संस्कृति और परंपरा को रचनात्मक माध्यमों से प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सम्मिलित होने वाले बच्चों के साथ–साथ पालक एवं अभिभावक भी काफी उत्साहित है। उपरोक्त शिविर में प्रतिभागी छात्राएं कुमारी काजल यादव, ज्योति निषाद, ट्विंकल निषाद, कुमारी दीक्षा यादव, गौरी यादव, गेमती यादव शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर के प्रभारी दिव्या रानी यादव सम्मिलित हुए हैं।

## यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरे जिले के कार्यकर्ताओं का है: साहू

# पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश साहू को बीजेपी सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला**

भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए 2 सितंबर से आनलाइन माध्यम से काम शुरू किया गया था, अभियान के तहत नए सदस्यों को जोड़ने के लिए मिस्ड काल, नमो एप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन जैसे डिजिटल तरीकों का सहारा लिया गया। इसके तहत 2 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने 3,571 लक्ष्य पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, संगठन मंत्री पवन साय, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोषण साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता के हाथों राजेश साहू को सम्मान पत्र के साथ सम्मानित किया गया। राजेश साहू ने बताया कि पार्टी के नियमों के मुताबिक, बीजेपी की सदस्यता की अवधि 5 साल होती है। इस अवधि के बाद सदस्यता समाप्त हो जाती है, और व्यक्ति को दोबारा सदस्यता लेनी होती है। इसी प्रक्रिया के तहत पार्टी हर पांच सालों में सदस्यता अभियान चलाकर पुराने सदस्यों का नवीनीकरण और नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य करती है। किरणदेव ने कहा भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में इतना बड़ा लक्ष्य हमने प्राप्त किया है, इसलिए बहुत गौरव का अनुभव हो रहा है। पार्टी के समर्पित व परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले कार्यकताओं का सम्मान आज यहां हुआ है। तीन महीने तक चले सदस्यता अभियान को हम सभी ने संगठन महापर्व के रुप में मनाया है।



इसी कड़ी में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू को पार्टी द्वारा सम्मानित किया जाने पर मलेवा अंचल भाजपा मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण रविवार को राजेश साहू के घर पहुंचकर श्रीफल व गमछा से सह सम्मान किया गया। इस मौके पर साहू जी ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र सहित जिले के कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ है। उन्होंने कहा हम सभी को मुख्यमंत्री और प्रदेश के नेतृत्व में पार्टी के संगठनात्मक कार्या में जी जान से उत्साह के साथ सक्रिय रहना है। इस दौरान मलेवा अंचल के अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, महामंत्री ईश्वर वर्मा, नारायण सिन्हा जनपद सदस्य, मिलन्तीन कुंजाम, सरपंच हेमलता ध्रुव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, कुशल ध्रुव, सुरेन्द्र ठाकुर, कृष्णा गुप्ता, चिरंजीव देवांगन सहित क्षेत्र कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# सभापति ने पानी व डीएपी खाद के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**

फिंगेश्वर। इन दिनों खेती किसानी जोरों पर है। किसान रोपा बियारी कार्य में व्यस्त हैं।वही किसानों के लिए खंड वर्षा और डीएपी खाद की कमी परेशानी का सबब बनी हुई है। अधिकांश किसानरोपा बियासी में डीएपी खाद का ही उपयोग करते हैं । ब्लॉक के तीनों ब्रांच फिंगेश्वर, राजिम, कोपरा ,में डीएपी खाद की काफी कमी है। जिसके कारण किसान मार्केट से अधिक दामों में खाद खरीद रहे हैं। जिसके चलते किसानों में काफी रोष है। इन सारी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जनपद सभापति डॉक्टर दिलीप साहू द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजिम के विशाल महाराणा को नहर पानी एवं डी एपी खाद की कमी से अवगत कराते हुए अतिशीघ्र खाद की उपलब्धता करने हेतु मांग पत्र सौपा है। श्री महाराणा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय अधिकारी को पत्र भेजा गया। इसके साथ ही डीएमओ श्री चंद्राकर गरियाबंद एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री बर्मन को फोन कर नहर पानी एवं खाद की तत्काल व्यवस्था कर किसानों की मांग पूरी करने का निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप




### ग्राम रावण में जलाभिषेक आज रोहित व चन्दूलाल होंगे शामिल

**छुईहा बेलर।** सावन के चौथे सोमवार को ग्राम रावण में ग्रामवासी एंव कांवड़िया समीति के तत्वावधान में जय बाबा भोलेनाथ में 4 अगस्त को जलाभिषेक का आयोजन रखा गया है। आयोजन समीति अध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू, सचिव हरिश देवांगन, छबिराम साहू,दौलत साहू, रामाधार साहू ने कहा, सुबह 9 से 12बजे तक जलाभिषेक, प्रसादी भोजन व्यवस्था, सांस्कृतिक लोक कला मंच सुर झनकार अहिवारा दुर्ग का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजिम रोहित साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम छग शासन चंदू लाल साहू , विशिष्ट अतिथि बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकार सहित जनप्रतिनिधि होंगे।

### सशिमं में मनाई गई तुलसीदास की जयंती

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान में तुलसीदास जयंती बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा द्वारा भारत माता ओम एवं सरस्वती माता और तुलसीदास के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया गया।

### 23 सितंबर से 29 सितंबर तक होगा देवी महापुराण का आयोजन

# अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक युवराज पांडे पहुंचे झरझरा मंदिर, लिया मां का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

■ क्षेत्र की खुशहाली के लिए होगी कथा

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक एवं श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के पुजारी युवराज पांडे रविवार की रात आठ बजे घने जंगलों के बीच बसे प्रसिद्ध झरझरा मंदिर पहुंचे। उन्होंने मां झरझरा से आशीर्वाद लिया और काफी देर तक माता को निहारते रहे। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों और ग्राम मुरमुरा के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मां झरझरा पर्यटको का आकर्षण एवं धार्मिक केंद्र है यहां भक्तों के हर मनोकामना पूर्ण होते हैं नवरात्र में हर वर्ष हजार मनोकामना दीप प्रज्वलित होते हैं. दूर-दूर से पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं माता के दर्शन करते हैं और झरने का आनंद लेते हैं बारिश में यह और खूबसूरत हो जाता है झर झर झर झड़ने की आवाज और माता की मौजूदगी पूरे इलाके को मनोरम और शांत कर देते हैं घने जंगल के बीच बसे होने के कारण झरझरा वॉटरफॉल देश विदेश तक प्रसिद्ध हो चुका है कुछ दिन पहले न्यूयॉर्क ऑस्ट्रेलिया से पर्यटक दर्शन के लिए पहुंचे थे लगातार झरझरा की लोकप्रियता और माता का लगाओ विशाल रूप लेते जा रहा है. रायपुर दुर्ग धमतरी रायगढ़ भिलाई मध्य प्रदेश जैसे स्थानों से लोग घूमने व दर्शन करने पहुंचते हैं हालांकि झरने की खूबसूरती लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है लेकिन खूबसूरती हमेशा खतरनाक होती है इसका भी ध्यान रखना लोगों के लिए अति आवश्यक हो जाता है।




### देवी महापुराण कथा का होगा आयोजन

ऐसे स्थान में बसे मां झरझरा मंदिर प्रांगण पर कुँवार नवरात्र के पावन पर्व पर क्षेत्र की खुशहाली क्षेत्र के सुख समृद्धि और क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए गांव तथा क्षेत्र के लोगों के सहयोग से प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक युवराज पांडे श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर व्यास जी का 23 सितंबर से 29 सितंबर तक भव्य देवी महापुराण का आयोजन होगा. रविवार की रात आठ बजे मां झरझरा मंदिर प्रांगण पर कथा वाचक युवराज पांडे ने कथा करने हेतु नारियल स्वीकार किया तथा कथा स्थल का निरीक्षण किया गया और कार्यक्रम के रूपरेखा को विस्तृत रूप से उपस्थित लोगों को व आयोजन समिति को बताया. बता दें कि युवराज पांडे के महापुराण कथा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं और यह कार्यक्रम जंगल के बीच झरझरा माता के चरणों में संपन्न होगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान समाजसेवी अर्जुन सुन्दरानी,झरझरा माता मंदिर अध्यक्ष ढालू राम साहू, सचिव रुपेश साहू, पूर्व सचिव अनिल साहू, विधायक प्रतिनिधि रेखराम साहू, सरपंच दीपक ध्रुव, रोशन साहू, सुरेंद्र कुमार साहू, कामता साहू, मोहन साहू, भिखारी राम साहू, खिलावन साहू, कोमल साहू, नोहर साहू, रोहित साहू, गोपाल साहू, तेजूराम साहू, एवन साहू, पूर्व अध्यक्ष चम्मन साहू शेखर साहू, हरिश्चंद्र ध्रुव, गोवर्धन यादव, कमलनारायण ध्रुव, गुलाब ध्रुव, मंदिर पुजारी जीवन साहू सहीत ग्राम मुरमुरा व धुरसा, कसेरूडीह, लोहरसी, सहसपुर, रवेली, फूलझर के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# हरिहर शाला में सावन व जन्माष्टमी के मौके पर स्पर्धाओं का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शनिवार को हरिहर शाला में सावन, कृष्ण जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नयी शिक्षा नीति के तहत पोस्टर एवं राखी बनाओ, मेहंदी एवं मटका सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइमरी स्तर पर राखी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धरना साहू कक्षा तीसरी, द्वितीय स्थान प्रिया साहू कक्षा चौथी, तृतीय स्थान ईश्वी राजपूत कक्षा चौथी को एवं पूर्व माध्य. स्तर में मटका सजायो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तबस्सुम मांडे कक्षा सातवी, द्वितीय स्थान लिलेश्वरी साहू कक्षा सातवी, तृतीय स्थान सिमरन रजक कक्षा सातवीं को तथा हायर सेकेंडरी में मेंहदी में प्रथम स्थान मुस्कान साहू कक्षा नवमी, द्वितीय स्थान डिम्पल ठाकुर बारहवीं, तृतीय स्थान निशिका देवांगन नवमीं एवं मुक्तांजली साहू नवमीं को प्राप्त हुआ।

स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम सजल देवांगन नवमी, द्वितीय सत्यम साहू नवमी रहे। पोस्टर मेकिंग में प्रथम साक्षी देवांगन नवमी, द्वितीय कृशिका देवांगन ग्यारहवीं, तृतीय हिमांशी देवांगन नवमी रहे। प्रायमरी में अल्फिया बानो, पूर्व माध्य. में हिमानी दास एवं हाई हायर में आरती दुबे व काजल चौबे ने प्राचार्य एफ.के. दानी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सभी विजयी विद्यार्थियों को शाला परिवार एवं शाला विकास समिति ने बधाई प्रेषित की है।

# प्रदेश लिपिक संघ मैनपुर की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आज शनिवार छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक संघ मैनपुर का तहसील स्तर का बैठक आयोजित किया गया बैठक में अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन के जिला सह सचिव बसंत त्रिवेदी, ब्लॉक संयोजक मनोज खरे, मैनपुर ब्लॉक संयोजक मुकेश साहू, लिपिक संघ गरियाबंद के जिला अध्यक्ष बसंत मिश्रा, पटवारी गुलशन यादव अध्यक्ष जिला पटवारी संघ एवं जिला सह सचिव मीडिया प्रभारी पंकज पाटिल, प्रशांत मैनपाल के उपस्थिति में संपन्न हुआ।बैठक में सर्वसम्मति से मैनपुर ब्लॉक छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक शासकीय



### अजय कुमार राजभर बने अध्यक्ष

कर्मचारी संघ मैनपुर के अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार राजभर को चुना गया एवं उपाध्यक्ष के रूप में पुरुषोत्तम नायक सचिव रवि राजभर कोषाध्यक्ष चंद्रकांत विश्वकर्मा अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती तामेश्वरी मरकाम उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सुश्री पूनम ढांड मीडिया प्रभारी रजनीश रामटेक संरक्षक सतगुरु राम नेताम राजेश्वर राव शिंदे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार दीवान, विनय किशोर कपिल, प्रमुख सलाहकार केशव राम राठौर, अमृतलाल धुरव, तेजराम यादव का मनोनन सर्व समिति से किया गया।

# कृषि विद्यार्थियों का वेटरनरी कॉलेज में शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, फिंगेश्वर, गरियाबंद के बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने दाउ श्रीवासुदेव चंद्राकर कामधेनु यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल हस्बैंडरी अंजोरा दुर्ग का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अतिथि शिक्षक डॉ इंद्रपाल सिंह पैकरा एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. कुंतल साटकर द्वारा कराया गया। विद्यार्थियों ने कॉलेज की विभिन्न इकाइयों जैसे डेयरी इकाई, कुक्कुट इकाई, बकरी पालन, खरगोश,अंडा उत्पादन इकाई,म्युजियम एवम विभिन्न विभागों का भ्रमण किया गया। मुख्य रूप से




डेयरी इकाई के अंतर्गत पशुओं के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं किसानों की आय बढ़ाने हेतु विभिन्न उन्नत किस्मों के बारे में जानकारी दी गई।समन्वित कुक्कुट इकाई के अंतर्गत, मास एवं अंडे उत्पादन हेतु उपयुक्त नस्ल, कुक्कुट प्रबंधन, विभिन्न बीमारी एवं उसकी रोकथाम के बारे मे समझाया गया। उन्हें पशुपालन और पशु चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और अनुसंधानों के बारे में जानकारी दी गई।विभिन्न विभागों मे संचालित अनुसंधान कार्य, पशु जर्म प्लाज्‍ इत्यादि के बारे में एवं पशु चारागाह की खेती, वर्षभर चारा उत्पादन, काटने का तरीका एवं हरे चारे का पशुओं की दुग्ध उत्पादकता क्षमता पर महत्व एवं प्रबंधन के बारे में समझाते हुए छात्र छात्राओं को स्वयं का व्यवसाय करने हेतु भी विभिन्न प्रकार के डेयरी एवं पशुपालन से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पशुपालन के क्षेत्र में व्यावहरिक ज्ञान और अनुभव प्रदान करना था। छात्रों ने कॉलेज की विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रें के लिए अत्यधिक लाभदायक रहा।उन्हें व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्राप्त हुआ, जो उनके भविष्य के करियर में सहायक होगा।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप



### पं. रविशंकर, शहीद विद्याचरण शुक्ला के कार्यों को किया याद

**छुईहा बेलर।** ब्लॉक कांग्रेस फिंगेश्वर ,मंडल कांग्रेस बेलर के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चरभट्टी के आश्रित ग्राम देवगांव में पूर्व मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती के अवसर पर उनके मूर्ति एंव शहीद विद्याचरण के तैल चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर नमन किया। उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा स्वर्गीय पंडित रविशंकर शुक्ल एक शिक्षाविद के रूप में रायपुर में संस्कृत,आयुर्वेद, विज्ञान और इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए महाविद्यालयों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक क्रांति के महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना का श्रेय उन्हें दिया जाता है। उनके नाम पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने उनकी स्मृति में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान की स्थापना की है। आगे कहा, स्वर्गीय पंडित रविशंकर शुक्ल ने अंचलवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाई और आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। देश और समाज की सेवा में समर्पित उनका जीवन सदैव हमारी प्रेरणा रहेगा। कार्यक्रम में सरपंच चरभट्टी डॉ. राजेंद्र साहू, रोहित साहू, जोन अध्यक्ष शुघरमल अडे सतनामी समाज के अध्यक्ष तुलेश्वर गीत लहरे ईश्वर साहू शेखर साहू बेलर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल नवापारा ने मनाया रमेश बैस का जन्मदिवस



**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के जन्मदिवस के अवसर पर नवापारा भाजपा मंडल के पदाधिकारियो ने केक काट कर श्री बैस जी की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा,उपाध्यक्ष मनीष देवांगन,उपाध्यक्ष धीरज साहू,गुलशन साहू, तनु मिश्रा,महामंत्री सौरभ (सिंटू) जैन,चेतन साहू, हेमंत साहू,योगिता सिन्हा, पदमणी सोनी, हर्षा कंसारी,कैलाश तिवारी,मनीष चौधरी,आशीष गोलछा, कुणाल मिश्रा,रामखिलावन साहू, सुरेश भोले सोनकर,देवेन्द्र सेन,प्रेम साधवानी,लुमेश चक्रधारी एवं सांसद प्रतिनिधि दयालु राम गाड़ा , नवल साहू , नीता धीवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विखं स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा आज

**महासमुंद।** विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन वन विभाग मैदान में 4 अगस्त सोमवार को 10 बजे रखा गया है। उक्त प्रतियोगिता में 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष बालक बालिका भाग ले पाएंगे।

# 'वृक्ष है तो जीवन है' के संदेश के साथ राजिम में किया गया पौधारोपण

## नपं अध्यक्ष महेश ने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम के वार्ड क्रमांक 15 पार्षद रेखा-कुलेश्वर साहू के तत्वावधान में शीतला मंदिर तालाब के किनारे वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि वृक्ष है तो जीवन है, वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना करना सम्भव नहीं है, वृक्ष से छाया और फल प्राप्त होता है। कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण करना अतिआवश्यक है।

उन्होने युवाओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। औद्योगीकरण और कारखानो के कारण प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा हैं, वर्षा बहुत कम हो रही है। तापमान लगातार बढ़ रहा है, इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए हर व्यक्ति को वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। पार्षद रेखा-कुलेश्वर साहू ने अतिथियो का सम्मान शॉल श्रीफल भेंटकर किया। इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम वार्डवासियो के सहयोग से किया जा रहा है,वृक्ष है तो जीवन है, वृक्ष है तो जल है, वृक्ष है तो पर्यावरण सुरक्षित है, इन्ही भावनाओं के साथ उन्होने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन गोकुल यादव ने किया।



**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभापति भारत यादव, पार्षद बलराम यादव, पटेल समाज के जिला अध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, झाड़ूराम साहू, मनीषा साहू ,चम्मन साहू, नामदेव साहू, धनेश साहू, लेखन साहू, ओंकार साहू, भगत साहू, कमलेश यादव, बंटी यादव, राहुल यादव, बंधु साहू, नीतीश साहू, रिका साहू, चमन साहू, राकेश साहू, ठाकुरराम साहू सहित वार्ड के लोग मौजूद थे।

## दहशत : 2 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही

# हाथियों ने एनएच क्रास किया एक घंटे तक लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

- गरियाबंद एवं पाण्डुका स्टॉफ के साथ पुलिस बल ने बंद कराया आवागमन

वन परिक्षेत्र पांडुका के परिसर पोंड कक्ष क्रमांक 65 से एनएच 130 सी पार कर खेत खलिहानों की तरफ आगे बढ़ गए मखना हाथी को रोड क्रास करते समय सावधानी एवं सुरक्षा को देखते हुए गरियाबंद एवं पाण्डुका स्टॉफ के साथ पुलिस बल का सहयोग लेकर आवागमन बंद किया गया था। मखना हाथी के रोड क्रास करने के बाद पुनः आवागमन चालू किया गया। नेशनल हाइवे में 2 किलोमीटर तक जाम लगा रहा। सावन के आखिरी सोमवार होने के कारण भूतेश्वरनाथ के श्रद्धालुओं के कारण आवागमन अधिक था। साथ ही रविवार होने की वजह से लोग घूमने फिरने एवं प्रकृति का आनंद लेने पहुंचते हैं । चिंगारा पगार सहित जतमई मंदिर व घटारानी मंदिर अन्य स्थलों में भी लोग आवागमन करते हैं। वही हाथी पिछले एक सप्ताह से पांडुका परिक्षेत्र के तौरंगा, सांकरा, खरखरा, विजयनगर, बोडरा बांधा, घटकर्रा, आसरा आदि दर्जनों गांव में डेरा डालकर बैठा हुआ था। जिस वजह से वन विभाग द्वारा सतर्कता बरतते हुए लोगों को सावधानी बरतने की अपील करते हुए मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे में एक घंटा तक जाम की स्थिति बनी रही।






**धमतरी के ओर गया मखना**

मखना हाथी के नेशनल हाईवे को क्रास करने के कारण श्रद्धालु व परिवार के साथ घूमने पहुंचे लोग हलाकान और परेशान होते रहे। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस और वन विभाग ने आवागमन रोके रखा और किसी को भी आगे नहीं जाने दिया। मखना हाथी वर्तमान में नेशनल हाईवे 130 पार कर धमतरी जिला की ओर आगे बढ़ गया है। हाथी के पैरी नदी को पार कर रात्रि में धमतरी जिले में प्रवेश करने की संभावना है।

# भवन के निर्माण कार्यों को तेजी से किया जाए पूरा : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- उईके ने डूमाघाट पहुंचकर कमार परिवारों के लिए बन रहे बहुउद्देशीय केंद्र का किया अवलोकन

गरियाबंद कलेक्टर बी.एस. उईके ने आज मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्राम डुमाघाट में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के लिए बन रहे बहुउद्देशीय केंद्र का अवलोकन किया। यह केंद्र पीएम जनमन के तहत बनाया जा रहा है। इस केंद्र में आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक भवन का एकीकृत लाभ मिलेगा। इस भवन में कमार जनजाति सदस्यों के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी की सुविधा रहेगी। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य केंद्र एवं मेडिकल स्टाफ भी रहेगा। इसके अलावा एक अलग कक्ष में कमार सदस्यों के आजीविका संवर्धन के लिए हस्त एवं बांस कला जैसी गतिविधियां संचालित करने की जगह भी रहेगी। मुख्य रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को समाज के मुख्य धारा में लाने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत इस बहुउद्देशीय केंद्र का स्वरूप क्रियान्वित किया जा रहा है। इससे जनजाति सदस्यों को काफी लाभ होगा। कलेक्टर श्री उईके ने इस केंद्र में हो रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने भवन के विभिन्न कमरों में जाकर बनाए गए संरचनाओं का अवलोकन किया। साथ ही भवन के बचे हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी भवन निर्माण एवं केंद्र में संचालित किए जाने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तुलसीदास मरकाम, सीईओ जनपद पंचायत मैनपुर सुश्री श्वेता वर्मा सहित गांव के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# एक छात्रा ने गुल्लक के पैसे दिए और कहा- राखी बांधना और सैनिक भाइयों के लिए मिठाई ले लेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की नन्ही छात्राओं ने फौजी भाइयों को भेजी राखी




विद्यानिकेतन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने सरहद की रक्षा करने वाले फौजी भाइयों के लिए राखी भेजी है। नन्ही छात्राओं ने फौजी भाईयो के लिए खुद से राखी तैयारी की और भेजा है।

रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहन का पवित्र त्योहार होता है। एक तरफ जहां पूरा देश 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, वही सरहद की सुरक्षा में तैनात फौजी भाइयों की कलाई सूनी न हो ऐसी भावना रखकर विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल फिंगेश्वर की छात्राओं ने अनोखी पहल करते हुए सैनिकों के लिए राखी भेजी है। इसके साथ ही अपने सैनिक भाइयों के लिए अक्षत रोली के साथ मंगल कामनाएं भेजी है। विद्यालय के संचालक नरेंद्र रात्रे ने कहा कि सर्दी गर्मी में रात दिन सरहद पर पहरा देने वाले देश के सच्चे सपूत हमारे सैनिक ही हैं।हिमालय की चोटी जिसका तापमान माइनस डिग्री से भी नीचे चला जाता है वहीं पर खड़े रहना भी मुश्किल होता है, ऐसे स्थिति मे देश के सैनिक अपने दुख दर्द भूल कर देश की सेवा करते रहते हैं। इन सैनिकों का हौसला बढ़ाने व उन्हें त्यौहार की खुशी का एहसास करने के लिए स्कूल की छात्रओं ने यह निर्णय लिया है। सीमा पर देश की सेवा कर रहे सैनिक भाइयों की कलाई रक्षाबंधन के अवसर पर सूनी ना रहे। इसमें सभी शिक्षकों ने विशेष योगदान दिया।

**संदेश भी भेजा-** विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बताया कि राखी के साथ छात्राओं ने भावनात्मक संदेश भेजा है। संदेश में सैनिकों के प्रति कृतज्ञता,आभार तथा शुभकामनाएं व्यक्त की गई है। एक नन्ही छात्र ने अपने गुल्लक के पैसे देते हुए कहा कि इन पैसों से मेरे तरफ से सैनिक भाइयों के लिए मिठाई भेज दीजिए। सैनिकों के प्रति विद्यार्थियों का प्रेम निश्चय ही राष्ट्र प्रेम की भावना को सुदृढ़ करता है।

## श्री महाकाल की पालकी यात्रा में जनसैलाब उमड़ा

**अभनपुर।** श्री महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में नगर मे श्री महाकाल पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक रंग और जनसैलाब से सजी इस यात्रा ने नगर को महाकाल भक्ति में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शीतला मंदिर अभनपुर बस्ती में रुद्राभिषेक के साथ हुई। इसके उपरांत शाम को श्री महाकाल की पालकी का नगर भ्रमण प्रारंभ हुआ, जो बस स्टैंड होते हुए बड़े उरला स्थित शिव मंदिर पहुंचकर महाआरती के साथ संपन्न हुआ। यात्रा में भक्ति और उत्सव का अद्भुत समागम देखने को मिला। नटराज धुमाल दुर्ग, विकास डीजे, नीलू म्यूजिक, जय महामाया झांकी ग्रुप (नागपुर, महाराष्ट्र) एवं विशेष डमरू वादकों की टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मार्ग में प्रसादी वितरण,भव्य लाइटिंग, आतिशबाजी ने माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू एवं नगर के जनप्रतिनिधि,सामाजिक पदाधिकारी यात्रा में शामिल होकर महाकाल का आशीर्वाद लिया। नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार पालकी यात्रा में सम्मिलित हुए। श्री महाकाल सेवा समिति ने आयोजन को सफल बनाने के लिए कई दिनों से तैयारियां की थीं, समिति ने सभी श्रद्धालुओं को सहयोग के लिए आभार जताया।

## तुलसी जयंती पर हुआ रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन...



**नवापारा-भेण्डरी।** तुलसी जयंती के अवसर पर भेण्डरी में श्रीरामचरितमानस कार्यक्रम का संगीतमय आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के छह रामायण मंडली शामिल हुए। कार्यक्रम में चेतन साहू, भूषण साहू, संतराम देवांगन, कोमल साहू, नंदकुमार साहू, लेखराम साहू, सेवक साहू, गैंदलाल साहू, खुमान पटेल, रोशन साहू सहित धर्मप्रेमी श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## माण्डव्य ऋषि आश्रम बाबाकुपि में जलाभिषेक आज

**छुईहा बेलर।** माण्डव्य ऋषि आश्रम बाबाकुपि में सावन की चौथे सोमवार को जलाभिषेक सोमवार को हर चतुर्भूजी सिरकट्टी आश्रम संत गोवर्धन शरण में मंत्रोच्चारण प्रेरणा से सम्पन्न होगें। जागेश्वर ने कहा यहां प्रतिवर्ष यह सावन महीने प्रति सोमवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ जलाभिषेक करते हैं। संत गोवर्धन शरण व्यास के मार्गदर्शन में सुबह हवन पुजन एंव मंत्रोच्चारण से जल अभिषेक हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठेगा। इस बीच में सांस्कृतिक मंच में संगीत मय रामचरितमानस का आयोजन होगा, श्रद्धालु के लिए आम भोजन भंडारा की व्यवस्था रखा गया है। यहां मेला जैसा महौल रहेगा सैकड़ों दूकान सजेगी। आयोजन के प्रमुख अमरू साहू ने कहा, यह केवल जलाभिषेक नहीं, हमारी सामूहिक प्रार्थना है भोलेनाथ से। हमारे क्षेत्र में शांति बनी रहे, लोग रोग-शोक से मुक्त रहें। 4 अगस्त को सुबह 11 बजे से माण्डव्य ऋषि आश्रम बाबाकुपि में सावन की चौथे सोमवार को आस-पास चैतरा, मडवाडिही, पुरेना, बिनौरी, फिंगेश्वर, बिजली, खुटेरी, सेंदर इत्यादि गांव के युवक, युवती व श्रद्धालुगण उपस्थित रहेंगे। तैयारियों में लगे हैं ये आयोजक आयोजक जय भोले परिवार चैतरा अमरू साहू, आशा साहू, धनेश साहू, चेती, विजय साहू, राजेश साहू, लोमश, गिरजा शंकर, युगल साहू, यामिनि, हेमन्त, तमन्ना, जागेश्वर साहू, वासु, सरपंच प्रतिनिधि रवि साहू कार्यक्रम के पुर्व व्यवस्था तैयारी में लगे हुए हैं।

## भारतीय किसान संघ ने सुंदरकेरा में आयोजित की प्रशिक्षण कार्यशाला

# जैविक खेती अपनाएंगे, देश को स्वस्थ बनाएंगेः तुलाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- किसानों को जैविक खेती से लागत कम करने की दी सलाह



भारतीय किसान संघ द्वारा रविवार को सुंदरकेरा में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम धीवर ने कहा कि आज भारतीय किसान संघ को लगभग 50 वर्ष पूर्ण होने वाला है और यह संगठन 50-60 लोगों से मिलकर शुरू हुआ था जो लाखों कार्यकर्ता पूरे देश भर में गांव-गांव में भारतीय किसान संघ के साथ जुड़े हुए हैं और किसानो की हित के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं। किसानो की हर समस्या और संघर्ष में सदैव साथ देने वाला संगठन के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। आज किसानों का विश्वास इस संगठन के प्रति बढ़ा है। इसका कारण कार्यकर्ताओं का समर्पण त्याग व सेवाभाव से समय देने वाले कार्यकर्ताओं के कारण संभव हुआ है। विशुद्ध रूप से भारतीय किसान संघ का कार्य विध्वंसात्मक न होकर रचनात्मक है। जो सरकार से अपने हक के लिए संघर्ष करती है बिना किसी प्रकार के देश को क्षति पहुंचाए शासन के साथ पूर्ण रूपेण सहयोगात्मक राय अपनाते हुए किसानों के हित की बात करती है। भारतीय किसान संघ चाहता है कि किसानों का फसल का पूरा-पूरा मूल्य किसानों को मिले और देश को पर्याप्त अन्य भंडारण हो सके इसके लिए सदैव निरंतर प्रयत्नशील होकर यह संगठन कार्य कर रही है। ज्यादा से ज्यादा किस जैविक कृषि पद्धति को अपनाकर कृषि के लागत को कम कर सके और उत्पादन को बढ़ाकर किसने की आई दुगनी करें इसके लिए भारतीय किसान संघ नित निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है और समय-समय पर अपने ग्राम इकाई विकासखंड इकाई जिला इकाई का प्रशिक्षण करते रहता है। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रांत मंत्री नवीन शेष, कोषाध्यक्ष गजानंद दिगस्कर ,रायपुर जिला अध्यक्ष खुमान साहू ,रोहित साहू ,नत्थू साहू ,टीकाराम पटेल आदि मौजूद थे।

